Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up warehouses at Panchayats and Block levels for storage of agricultural produce in Maharajganj Parliamentary Constituency

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): माननीय सभापति जी, मेरा संसदीय लोकसभा क्षेत्र महारागंज, बिहार मुख्य रूप से कृषि आधारित ग्रामीण बाहुल्य क्षेत्र है। यहाँ के किसानों द्वारा कृषि से उत्पादित फसलों को सुरक्षित, भंडारित करने के लिए भंडार गृहों की बहुत ही कमी है। किसानों की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वे स्वयं भंडार गृह बनवा सकें। सरकार से सहयोग प्राप्त कर भंडार गृह निर्माण की प्रक्रिया इतनी सरल नहीं है कि किसान इसका व्यापक लाभ लेकर भंडार गृहों का निर्माण कर सकें। इस परिस्थिति में किसानों को सुरक्षित भंडारण गृहों के अभाव में अपने उत्पादित फसलों को कम दामों में बिक्री करनी पड़ती है, जिससे किसानों को आर्थिक हानि उठानी पड़ती है।

अत: मेरा सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज, बिहार के ग्रामीण इलाकों में पंचायत या प्रखंड स्तर पर छोटे मझौले क्षमतावाले अत्याधुनिक ग्रामीण भंडारण गृहों का निर्माण सरकारी स्तर से कराया जाये ताकि किसानों को लाभ मिले।